सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

कक्षा:-7	विषय: अमृत संचय	पाठ:7 पंच परमेश्वर

कक्षा 7

अभ्यास-प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न 1. जुम्मन एवं उसकी पत्नी का व्यवहार खाला के प्रति क्यों बदल गया था?

उत्तर: जुम्मन की खाला (मौसी) के पास कुछ संपत्ति थी। जब तक संपत्ति जुम्मन के नाम नहीं हुई थी, तब तक उनका खूब आदर-सत्कार किया गया। लेकिन संपत्ति पाते ही जुम्मन और उसकी पत्नी का व्यवहार बदल गया क्योंकि अब उन्हें खाला से कोई स्वार्थ नहीं रह गया था।

प्रश्न 2. अलगू पंचायत में मुँह क्यों नहीं खोलना चाहता था?

उत्तर: अलगू और जुम्मन बहुत गहरे मित्र थे। अलगू को डर था कि पंचायत में सच बोलने से जुम्मन के साथ उसकी पुरानी दोस्ती टूट जाएगी या बिगड़ जाएगी। इसलिए वह पंचायत में मुँह नहीं खोलना चाहता था।

प्रश्न 3. बैल क्यों मर गया था?

उत्तर: समझू साहू ने अलगू से बैल खरीदने के बाद उस पर बहुत अत्याचार किया। वह बैल से दिन में कई-कई बार गाड़ियाँ खिंचवाता था, लेकिन उसे न तो भरपेट चारा देता था और न ही आराम करने का समय देता था। अत्यधिक काम और भूख-प्यास के कारण बैल मर गया।

प्रश्न 4. समझू साहू ने जुम्मन को क्यों पंच बदा?

उत्तर: समझू साहू जानता था कि पहली पंचायत के फैसले के कारण जुम्मन और अलगू के बीच दुश्मनी हो गई थी। उसे लगा कि जुम्मन इस मौके का फायदा उठाकर अलगू से अपना बदला लेगा और फैसला समझू के पक्ष में सुनाएगा।

प्रश्न 5. 'पंच परमेश्वर' का क्या अर्थ है?

उत्तर: 'पंच परमेश्वर' का अर्थ है कि पंच के आसन पर बैठने वाले व्यक्ति का स्थान ईश्वर (परमेश्वर) के समान होता है। उस ऊँचे पद पर बैठकर व्यक्ति किसी का दोस्त या दुश्मन नहीं होता, बल्कि वह केवल न्याय और सत्य का साथ देता है। उसके मुँह से निकला फैसला भगवान का फैसला माना जाता है।